हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

14 अक्तूबर 2024, समय 1810

- हरियाणा की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्तूबर को शालीमार मैदान में होगा।
- बी.जे.पी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनने का श्रेय हरियाणा वासियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को दिया।
- अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि आलाकमान द्वारा हार के कारणों की समीक्षा की जा रही है।
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन टिकाऊ और लचीले बिजली क्षेत्र के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक चुनौती है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कोविड-19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों के आरोप वाली याचिका खारिज की।
- हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने उग्र अपराध नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को हथियार संचालन का उन्नत प्रशिक्षण देने पर ज़ोर दिया।

*****************************************************************

हरियाणा की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्तूबर को पंचकूला के सेक्टर पांच स्थित शालीमार मैदान में होगा। जिस में  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। समारोह की तैयारियां को लेकर पूर्व सांसद व समारोह के कार्यक्रम प्रभारी संजय भाटिया ने बताया कि प्रधानमंत्री के पंचकूला आगमन को लेकर बहुत ही उत्साह व खुशी का माहौल है।उन्होंने कहा कि लोगों के उत्साह को देखते हुए शपथ ग्रहण स्थल बदला गया है। इस अवसर पर मौजूद बी जे पी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने हरियाणा में तीसरी बार बी जे पी की  सरकार बनने का श्रेय हरियाणा वासियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को दिया

श्री संजय भाटिया ने आकाशवाणी समाचार को बताया  कि गृहमंत्री अमित शाह पर्यवेक्षक के नाते 16 अक्तूबर  को  हरियाणा  आ  रहे  हैं।  उनके  अतिरिक्त राष्ट्रीय  जनतांत्रिक  गठबंधन के राज्यों के सभी मुख्यमंत्री व कई गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

*******************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार न बनने के कारणों को आलाकमान देख रहा है। आज मीडिया से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार बनने की पूरी उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा जारी है। ईवीएम बारे मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से यह मामला चुनाव आयोग के समक्ष उठाया गया है। प्रदेश संगठन में बदलाव बारे पूछे एक प्रश्न के उत्तर में सैलजा ने कहा कि यह आलाकमान के अधिकार क्षेत्र का मामला है। राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस की बैठक में हार का कारण आपसी फूट बताए जाने पर उन्होंने कहा कि यह अनकही बातें है राहुल गांधी की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया है। संगठन न होने बारे एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संगठन होना जरूरी है क्योंकि संगठन कार्यकर्ताओं की पहचान है, जो पिछले 10-12 सालों से नहीं था। उन्होंने कहा कि हार से कार्यकर्ता निराश जरूर है पर हताश नहीं है। अब तथ्य जांच समिति कार्यकर्ताओं के बीच जाकर हार के कारणों की तलाश करेगी, इसके बाद रिपोर्ट आलाकमान को सौंपी जाएगी।

**********************************************************************

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन टिकाऊ और लचीले बिजली क्षेत्र के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक चुनौती है। दिल्ली में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विचार-विमर्श सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अपनी बढ़ती बिजली मांग को पूरा करते हुए 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को लगभग एक लाख टन कम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त कर सकता है।

**********************************************************************

विदेशमंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज दिल्ली में ई-माइग्रेट वी2.0 वेब पोर्टल का शुभारंभ किया और मोबाइल ऐप जारी की। ई माइग्रेट पोर्टल पर दो लाख,81 हजार पंजीकृत विदेशी नियोक्ता हैं। यह पोर्टल प्रवासी भारतीयों के लिए सुरक्षित और वैध नियुक्ति का मार्ग सुनिश्चित करेगा। डॉ. जयशंकर ने कहा कि ई-माइग्रेट वी2.0 वेब पोर्टल का शुभारंभ भारतीयों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और समावेशी गतिशीलता सृजित करने के सरकार के प्रयासों का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल का नया संस्करण विदेश में भारतीय कामगारों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने के प्रति सरकार की वचनबद्धता को दर्शाता है।

**********************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कोविड-19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों के आरोप वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका केवल सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी। एक अन्य मामले में, शीर्ष अदालत ने एक ग़ैर

सरकारी संगठन की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र को दूरदर्शन पर 24 घंटे का सिंधी भाषा का चैनल शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इससे पहले ग़ैर सरकारी संगठन सिंधी संगत की इस याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा भी खारिज कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि भाषा को संरक्षित करने के अन्य तरीके भी हो सकते हैं।

**************************************************************************

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने उग्र अपराध नियंत्रण व नागरिक सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को हथियार संचालन का उन्नत प्रशिक्षण देने पर जोर दिया है। वह आज, उग्र अपराध नियंत्रण तथा हरियाणा पुलिस में क्षमता निर्माण को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों की बैठक ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एजेंटों पर कार्रवाई करने तथा नशा मुक्ति को लेकर जिलों में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा भी की। पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों को अपने जिलों में तैनात युवा पुलिसकर्मियों का चयन कर उन्हें शस्त्र चलाने का 7 से 10 दिन का उन्नत प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय से भी एक पाठ्यक्रम तैयार करके जिलों में भिजवाया गया है। उन्हें व्यवहार कुशलता का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को 21 अक्तूबर से प्रशिक्षण शुरू करने और प्रशिक्षण के लिए बेहतरीन प्रशिक्षकों का चुनाव करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण करवाने के लिए हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन तथा पुलिस प्रशिक्षण केंद्र सुनारिया का भी चयन किया गया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को क्षमता निर्माण के लिए अच्छे से अच्छा हथियार और उपकरण उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। श्री कपूर ने अधिकारियों को, विदेश भेजने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। महानिदेशक ने ऐसे एजेंटों के गठबंधन को तोड़ने के लिए प्राथमिकता के आधार पर और गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों से ऐसे मामलों की जांच की निगरानी स्वयं करने को कहा। श्री कपूर ने कहा कि नए कानून के तहत ऐसे लोगों की संपत्ति जब्त की जा सकती है। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों से 31 दिसंबर तक अपने-2 जिलों के गांवों तथा वार्डों को नशा मुक्त बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए।

**************************************************************************

केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा लगभग 732 उत्पादों के लिए 150 से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए गए हैं। नई दिल्ली में विश्व मानक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। श्री जोशी ने भारत को अपनी सर्वोत्तम गुणवत्ता के लिए मान्यता दिलाने और भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पर्याय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि देश के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च

गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्राप्त हों। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने उपभोक्ताओं से बीआईएस मार्क वाले उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह भी किया।

*******************************************************************************